# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

## प्रेस विज्ञप्ति

## भाविप्रा हवाई अड्डे 'अवसर' योजना के माध्यम से स्थानीय कारीगरों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्वयं सहायता समूहों को मंच प्रदान कर रहे हैं ।

**नई दिल्ली, 08 अप्रैल 2022:** महिलाओं, कारीगरों और शिल्पकारों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें उचित अवसर प्रदान करने की माननीय प्रधान मंत्री की परिकल्पना के अनुरूप, भाविप्रा ने स्वयं सहायता समूहों( एसएचजी) को अपने क्षेत्र के स्व-निर्मित उत्पादों को बेचने / प्रदर्शित करने के लिए अपने हवाई अड्डों पर स्थान आवंटित करने की पहल की है ।

भाविप्रा की पहल "**अवसर**" (क्षेत्र के कुशल कारीगरों के लिए स्थल के रूप में हवाई अड्डा ) के अंतर्गत जरूरतमंदों को स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता के लिए अपने परिवारों को कार्यात्मक रूप से प्रभावी स्व-अर्जित समूहों में संगठित करने में मदद करने का अवसर प्रदान किया गया है। इस योजना के अंतर्गत, भाविप्रा प्रचालित प्रत्येक हवाई अड्डे पर 100-200 वर्ग फुट का क्षेत्र चिन्हित किया गया है। स्वयं सहायता समूहों को बारी-बारी से 15 दिनों की अवधि के लिए यह स्थान आबंटित किया जा रहा है। चेन्नई, अगरतला, देहरादून, कुशीनगर, उदयपुर और अमृतसर हवाई अड्डे पर कुछ आउटलेट पहले ही प्रारम्भ किए जा चुके हैं, जहां स्थानीय महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह हवाई यात्रियों के लिए अपने घर के बने

स्थानीय उत्पादों जैसे मुरमुरे, पैकेज्ड पापड़, अचार, बांस आधारित महिला बैग/ बोतल/लैम्प सेट, स्थानीय कलाकृतियां, पारंपरिक शिल्प, प्राकृतिक रंग, कढ़ाई और समकालीन डिजाइन की स्वदेशी बुनाई का प्रदर्शन और विपणन कर रहे हैं।

और भी भाविप्रा हवाई अड्डे राज्य सरकार के साथ समन्वय में ऐसे स्वयं सहायता समूहों को स्थान आबंटित करने की प्रक्रिया में हैं जिनमें रांची, कोलकाता, वाराणसी, इंदौर, भोपाल, वडोदरा, रांची, बेलागवी, मदुरै, कोयंबटूर, कालीकट, सूरत, भुवनेश्वर, रायपुर, सिलचर , डिब्रूगढ़ और जोरहाट शामिल हैं। ।

छोटे और ग्रामीण समुदायों को गुज़र-बसर से संपोषणीयता की ओर बढ़ने हेतु सशक्त बनाने के लिए स्वयं सहायता समूह भारत के अत्यंत शक्तिशाली माध्यम हैं। एसएचजी को मजबूती प्रदान करने के लिए सरकार निरंतर अनुकूल माहौल निर्मित कर रही है । ऐसे कई समूह स्थानीय कला, शिल्प, उपयोगी और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के उत्कृष्ट उत्पादक, निर्माता हैं जिनकी उपभोक्ताओं में मांग है और उन्हें अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए अवसर और स्थान की आवश्यकता होती है। भाविप्रा हवाई अड्डों पर स्थान आबंटित करके एसएचजी को मजबूत करने की पहल इन लघु समूहों को विस्तृत लक्ष्यता प्रदान करेगी और उन्हें अपने उत्पादों को बड़ी आबादी तक पहुंचाते हुए व्यापक रूप से प्रचार / व्यापार करने के लिए तैयार करेगी ।

टिप्पणी:

*हवाई अड्डे पर आबंटन के लिए स्व-सहायता समूहों से आवेदन भाविप्रा पोर्टल (हवाई अड्डे के अनुसार) पर उस विशेष राज्य में प्राप्त होते हैं जहां एसएचजी स्थित हैं। इच्छुक एसएचजी भाविप्रा पोर्टल -*

*https://www.aai.aero/en/node/add/shg-user-detail के माध्यम से आवेदन करें।*

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: मप्र (नि°सं°) 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 01/2022-23




भाविप्रा के चेन्नई हवाई अड्डे पर एसएचजी आउटलेट



देहरादून हवाई अड्डे पर एसएचजी आउटलेट



अगरतला हवाई अड्डे पर एसएचजी




उदयपुर हवाई अड्डे पर एसएचजी आउटलेट